# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (11.06.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:11.06.2025, PAGE-06**

## स्नातक में अब 17 तक आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में स्नातक में आवेदन की तारीख मंगलवार को बढ़ा दी गई है। आवेदन अब 17 जून तक कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 10 जून तक थी। गर्मी की छुट्टी के कारण आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। स्नातक में अबतक 1 लाख 55 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि 22 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी।

## वोकेशनल कोर्स में अबतक आये 3216 आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के वोकेशनल कोर्स में अबतक 3216 आवेदन आ चुके हैं। जानकारी सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने दी। वोकेशनल कोर्स में 20 जून तक आवेदन किया जाना है। सबसे ज्यादा 1360 आवेदन बीसीए में आये हैं। बीबीए में 588 और बीलिस में 408 आवेदन आये हैं। 25 जून को वोकेशनल की प्रवेश परीक्षा होगी। सबसे कम सात आवेदन पत्रकारिता कोर्स के लिए आये हैं।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:11.06.2025, PAGE 04

# 57 बीएड कालेजों में चार से नामांकन प्रक्रिया शुरू

## नामांकन को लेकर जारी होगी तीन मेरिट लिस्ट, नोडल यूनिवर्सिटी एलएनएमयू ने दिए निर्देश

**16 जुलाई तक नामांकन के लिए मिलेगा मौका**

- बिहार विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित है 6150 सीट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 57 संबद्ध कालेजों में बीएड की पढ़ाई होती है। इसके लिए 6150 सीट निर्धारित है। इन कालेजों में चार जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। चार जुलाई से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नामांकन को लेकर तीन मेरिट लिस्ट जारी होगा। नोडल यूनिवर्सिटी एलएनएमयू ने निर्देश जारी किया है।

एलएनएमयू को लगातार छठी बार राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। राज्य स्तर पर आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 में मुजफ्फरपुर सहित छह जिलों के 15849 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इस परीक्षा में कुल 16434 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नोडल यूनिवर्सिटी की ओर से एडमिशन का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। कहा गया है कि तीन मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को आवंटित कालेजों में एडमिशन लेना होगा। पहले चरण में चार जुलाई को कालेज आवंटत होगा। जिसमें शामिल अभ्यर्थियों को पांच से 16 जुलाई तक



नामांकन के लिए मौका मिलेगा।

कागजात का सत्यापन कराने के बाद तीन हजार रुपए सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा, जिसके बाद ही एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद दूसरे चरण के लिए मेरिट लिस्ट 19 जुलाई को जारी की जाएगी। 21 जुलाई से 1 अगस्त तक शुल्क भुगतान के लिए और दो अगस्त तक सत्यापन के लिए समय दिया गया है। इसके बाद बचे सीटों के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट सात अगस्त को जारी होगा। आठ से 19 अगस्त तक शुल्क जमा करने के लिए और 20 अगस्त तक कागजात के सत्यापन के लिए समय दिया जाएगा।

# मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई के लिए छात्र जा रहे बाहर

**बिहार छात्रसंघ के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से की मुलाकात पैट की परीक्षा अलग-अलग कराने समेत कई मुद्दों पर की बातचीत**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए। इसकी पढ़ाई नहीं होने से छात्रों का पलायन होता है। वहीं पैट की परीक्षा अलग-अलग कराने की मांग की गई। बिहार छात्र संघ विश्वविद्यालय अध्यक्ष तैयब खान के नेतृत्व में बिहार छात्रसंघ के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से इन मुद्दों पर बातचीत की। बिहार छात्र संघ विश्वविद्यालय अध्यक्ष ने पैट 2023 और 2024 को अलग-अलग परीक्षा करने की मांग की। साथ ही संबंधित विषय की रिक्तियां जल्दी जारी करने की मांग की।

तैयब खान ने कहा कि पैट परीक्षा 2023 और 2024 का एक साथ समायोजन हो जाने से सैकड़ों छात्र-छात्राएं वंचित रह जाएंगे। दूसरी तरफ जिला अध्यक्ष छात्र नेता राजा बाबू ने विश्वविद्यालय में मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई शुरू करने की मांग की। राजा बाबू ने कहा कि बिलिश करने के बाद सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राए मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस करने के लिए बिहार से बाहर जाना पड़ता है। मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई विश्वविद्यालय में शुरू हो जाने के बाद छात्र-छात्राओं को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। कुलपति ने अगले बोर्ड की बैठक में मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई शुरू करवाने का प्रस्ताव रखने का आश्वासन दिया। इस दौरान साइंस कालेज अध्यक्ष निहाल सिंह ने साइंस कालेज के प्राचार्य के खिलाफ नियमित कालेज में नहीं आने की शिकायत की।



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:11.06.2025, PAGE-04

## बीएड कोर्स. 6150 सीटों के लिए 15849 अभ्यर्थी हुए हैं सफल

# हर सीट पर दो से अधिक दावेदारी 4 से शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

**बीआरएबीयू**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू से संबद्ध कॉलेजों में दो वर्षीय बीएड कोर्स की हर सीट पर दो से अधिक उम्मीदवार दावेदारी पेश करेंगे. विवि के 57 संबद्ध कॉलेजों में बीएड की पढ़ाई होती है. इनके लिए 6150 सीटें तय हैं. वहीं, हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में मुजफ्फरपुर सहित छह जिलों से 15849 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गये हैं. परीक्षा में कुल 16434 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. दाखिले की प्रक्रिया 4 जुलाई से शुरू होगी. ललित नारायण मिथिला विवि दरभंगा, जिसे लगातार छठी बार राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गयी थी. विवि ने इसका दिशा-निर्देश जारी किया है. एलएनएमयू ने पिछले महीने परीक्षा आयोजित की थी, और सोमवार को रिजल्ट जारी किया था.

**तीन मेरिट लिस्ट आयेगी, 5 अगस्त से कक्षाएं:** नोडल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, तीन मेरिट लिस्ट जारी की जायेंगी. इनके आधार पर अभ्यर्थियों को आवंटित कॉलेजों में दाखिला लेना होगा.

### पहला चरण

- 4 जुलाई को कॉलेज आवंटित होगा
- आवंटित अभ्यर्थियों को 5 से 16 जुलाई तक दाखिले के लिए मौका मिलेगा
- दाखिला प्रक्रिया पूरी करने के लिए अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराना होगा और 3 हजार रुपये का सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा.

### दूसरा चरण

- दूसरी मेरिट लिस्ट 19 जुलाई को आयेगी
- शुल्क भुगतान के लिए 21 जुलाई से 1 अगस्त तक की समयसीमा होगी. डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 2 अगस्त तक होगा.
- **कक्षाएं शुरू** : भी कॉलेजों मे नये सत्र की कक्षाएं 5 अगस्त से शुरू कर दी जायेंगी

### तीसरा चरण

- शेष सीटों के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट 7 अगस्त को आयेगी
- शुल्क जमा करने के लिए 8 से 19 अगस्त तक का समय है .डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 20 अगस्त तक चलेगा.

## वीसी से मिले, पैट की अलग परीक्षा कराने की मांग

**मुजफ्फरपुर.** बिहार छात्र संघ विश्वविद्यालय अध्यक्ष तैयब खान के नेतृत्व मे बिहार छात्र संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कुलपति से मिलकर विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की. विश्वविद्यालय अध्यक्ष ने पैट 2023 और 2024 को अलग-अलग परीक्षा कराने की मांग की. दूसरी तरफ जिला अध्यक्ष छात्र नेता राजा बाबू ने विश्वविद्यालय मे मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस की पढ़ाई शुरू करने की मांग की. इस दौरान साइंस कॉलेज अध्यक्ष निहाल सिंह ने साइंस कॉलेज के प्राचार्य के खिलाफ नियमित कॉलेज मे नहीं आने की शिकायत की इस दौरान दर्जनों छात्र मौजूद थे.

## अरबी फारसी विवि में पीजी कोर्स के लिए नामांकन शुरू

**पटना.** मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय के सभी आठ पीजी विभागों मे नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. ये विभाग हैं पत्रकारिता व जनसंचार, एमबीए, अरबी, फारसी, उर्दू, इस्लामिक स्टडी, एजुकेशन तथा अंग्रेजी. विश्वविद्यालय के एमबीए कार्यक्रम को एआइसीटीइ नयी दिल्ली से औपचारिक मान्यता भी प्राप्त है. कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए स्नातक मे 50 प्रतिशत व आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए 45 प्रतिशत अंक दाखिले के लिए अनिवार्य होंगे. स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा दे रहे छात्र भी पीजी कोर्स मे नामांकन के लिए आवेदन दे सकते हैं. नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और mmhapu.ac.in पर यह फॉर्म उपलब्ध होगा. नामांकन लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 रखी गयी है.

खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें